प्रेषक,

सुशील कुमार खरवार,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश(आ0व0अधि0),हमीरपुर।

सेवा में,

महा निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश,
हमीरपुर।

विषय– माननीय महोदय के पत्रांक 6071/IV-3476/एडमिन (ए–4)/इलाहाबाद दिनांकित 01.05.2023 के अनुपालन के अनुक्रम में वित्तीय वर्ष 2014–16 व 2016–18 के चल–अचल सम्पत्ति का संशोधित विवरण भेजे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि पत्रांक 6071 व 6072/IV-3476/एडमिन (ए–4)/इलाहाबाद दिनांकित 01.05.2023 के अनुक्रम में मेरे द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–16 व 2016–18 का संशोधित चल–अचल सम्पत्ति का विवरण जे0ओ0 पोर्टल पर सम्पूर्ण विवरण अंकित करते हुए अपलोड कर दिया गया है।

माननीय महोदय के द्वारा पूर्व में पत्रांक 8275/IV-3476/एडमिन (ए–4)/इलाहाबाद दिनांकित 25.06.2019 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2014–16(2014–15 और 2015–16) और 2016–18 (2016–17 और 2017–18) में वेतन से कटौतियों का विवरण, ऋण लेने की तिथि, उक्त वर्षो में पी0पी0एफ0 एकाउन्ट में जमा किये गये धनराशि का विवरण एवं पी0एन0बी0 एकाउन्ट नं0 3673000408165896 का दिनांक 31.03.2015 का बैलेन्स के सम्बन्ध में आख्या आहूत की गयी थी। उक्त के सम्बन्ध में आख्या देने में हुए विलम्ब का कारण इस प्रकार है कि जून 2019 में मैं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गोरखपुर, के पद पर पदासीन था, उस समय न्यायिक कार्य एवं प्रशासनिक कार्य में काफी व्यस्तता थी तथा माह जुलाई में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए भी विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा था। जुलाई के पश्चात मेरा न्यायालय लगातार (जे.एस.सी.सी., स्पे0जज एन्टी करेप्सन यू.पी.एस.ई.बी., ए.डी.जे. कोर्ट सं0–11, पुनः स्पे0 जज एन्टी करेप्सन यू.पी.एस.ई.बी.) के रूप में परिवर्तित होता रहा तथा मार्च 2020 से कोविड–19 महामारी का प्रकोप होने व अस्वस्थ्य होने के कारण आख्या देने में भूल हो गयी। पुनः माननीय महोदय का पत्र प्राप्त होते ही मेरे द्वारा उक्त के सम्बन्ध में अनुपालन कर दिया गया है जिसकी प्रति आख्या के साथ संलग्न है।

अतः आख्या देने में हुए विलम्ब को क्षमा करते हुए चल–अचल सम्पति वर्ष 2014–16 व 2016–18 का संशोधित विवरण को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

सादर।

दिनांकः 25.05.2023

भवदीय,

(सुशील कुमार खरवार)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/

विशेष न्यायाधीश(आ0व0अधि0),हमीरपुर।

**कार्यालय जनपद न्यायाधीश,हमीरपुर।**

पत्रांक 1287/I-06-22 दिनांक मई, 26,2023

जनपद न्यायाधीश,
हमीरपुर।